

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

**अनमोल वचन**

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए..
विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता हि हैं।

सोमवार 02 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 129 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com www.keshavtvbihar@gmail.com


## नालंदा में 2 से 13 फरवरी तक इंटरमीडिएट परीक्षा, 40 केंद्रों पर 44 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। नालंदा जिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 का आयोजन 2 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक दो पालियों में किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है।



परीक्षा संचालन के लिए जिले में कुल 40 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बिहारशरीफ में 31, राजगीर में 4 तथा हिलसा में 5 परीक्षा केंद्र शामिल हैं। छात्राओं के लिए 18 केंद्र और छात्रों के लिए 22 केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

इस वर्ष परीक्षा में 23,132 छात्र एवं 21,220 छात्राएं, कुल मिलाकर 44,352 परीक्षार्थी शामिल होंगे।जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षा निष्पक्ष एवं कदाचार रहित संपन्न हो सके।साथ ही परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ परीक्षार्थियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी या कर्मी को परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
प्रशासन ने परीक्षा की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही है।








## केंद्रीय बजट से विकसित भारत का खाका तैयार, युवा, महिला किसानों के सशक्तिकरण पर विशेष जोर – डॉ. सुनील कुमार

अमर वर्मा की रिपोर्ट। केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। केंद्रीय बजट पेश होने के बाद बिहारशरीफ के पूर्व पर्यावरण एवं वन मंत्री सह भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने बजट की सराहना करते हुए इसे देश के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

बिहारशरीफ स्थित सिनेमा परिसर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, और इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है। बजट में विशेष रूप से युवा, महिला और किसानों के हितों का ख्याल रखा गया है।

उन्होंने कहा कि भारत तेज गति से विकास की राह पर अग्रसर है और 2047 से पहले ही विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल होने की दिशा में बढ़ रहा है। केंद्र सरकार द्वारा देश को मेडिकल हब के रूप में विकसित करने, स्वास्थ्य सु. विधाओं के विस्तार तथा देश की 200 विरासत स्थलों के पुनर्जीवन की भी योजना बनाई गई है। साथ ही देश में पांच मेडिकल हब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं दोनों को मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, सुधीर सिंह, चंद्रभूषण प्रसाद, डब्ल्यू कुमार, आशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, मुन्ना पांडे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संत रविदास महान संत व सच्चे समाज सुधारक थे – मंत्री श्रवण कुमार, जदयू कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई रविदास जयंती

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय स्थित जदयू कार्यालय में रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यकर्ताओं द्वारा संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के मंत्री श्रवण कुमार तथा जदयू के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद ने भाग लिया।




कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि संत रविदास महान संत, सच्चे समाज सुधारक और श्रेष्ठ कवि थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों और जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने के लिए समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी समाज को समानता और भाईचारे का संदेश देते हैं।

वहीं जदयू के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि संत रविदास भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे। उनके भजन और पद आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि रविदास जयंती केवल पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संदेश है।इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार निराला, रामचंद्र प्रसाद, बंटी यादव, उपेन्द्र सिंह, भोला चौधरी, दीपू सिंह, अभिमन्यु यादव, विक्की कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## समाजसेवी दिलीप कुमार को दोहरी उपलब्धि, डॉक्टरेट उपाधि के साथ वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन के उपाध्यक्ष बने




रानी सिन्हा की रिपोट केशववाणी । बिहारशरीफ, नालंदा। नालंदा जिले के जाने–माने समाजसेवी एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार को एक साथ दो बड़ी उपलब्धियां मिलने से जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके समर्थकों और शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं।

जानकारी के अनुसार,माननीय डॉक्टरेट पुरस्कार परिषद द्वारा उन्हें सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। इसके साथ ही उन्हें विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

दिलीप कुमार लंबे समय से सामाजिक कार्यों और जनसेवा से जुड़े रहे हैं। उनके कार्यों, सूझबूझ और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल नालंदा बल्कि पूरे राज्य का नाम भी गौरवान्वित हुआ है।

उन्हें बधाई देते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार ने कहा कि यह उनकी मेहनत और सेवा भावना का परिणाम है तथा उनके सफलता के कदम आगे भी इसी तरह बढ़ते रहें, यही कामना है।

बधाई देने वालों में मुन्ना पांडे, अभिषेक कुमार, राजीव रंजन कुमार, उदय कुशवाहा, जितेंद्र उर्फ जीतू, राजीव रंजन गुड्डू, महत्ताव आलम, पिंटू कुमार, चंद्रमणि पटेल, सुमंत पटेल, फवाद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।




# भगवान महावीर स्वामी ने राजगीर में किये थे 14 चातुर्मास, जैन इतिहास में राजगीर तीर्थ का है महत्वपूर्ण स्थान

## पांचों पहाड़ पर है जैन मंदिर –

## हर साल दीपावली से होली के बीच आते हैं डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु पहाड़ पर पानी की हो व्यवस्था तो और भी अधिक आयें जैन पर्यटक

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा)– भगवान महावीर स्वामी ने राजगीर तीर्थ में 14 चातुर्मास किये थे। जैन इतिहास में राजगीर तीर्थ का है महत्वपूर्ण स्थान रहा है। पहाड़ों पर जैन मंदिरों की भरमार है। हर साल दीपावली से होली के बीच तीर्थ भ्रमण के लिए विभिन्न राज्यों से डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं। पहाड़ों पर पानी की बेहतर सुविधा हो जाय तो और भी अधिक संख्या में यहां पर जैन पर्यटक पहुंच सकते हैं। जिले में राजगीर के अलावा नालंदा कुंडलपुर, पावापुरी में भी जैन पर्यटकों का जाना होता है।

### विपुलाचल गिरि पर है भगवान मु. निसुब्रत का नयनरम्य जिनालय

पहला पहाड़ विपुलाचल गिरि पर भगवान मुनिसुब्रत स्वामी का नयनरम्य जिनालय है, जिसमें मुनिसुब्रत भगवान की मूर्त्ति एवं आदिनाथ स्वामी व महावीर स्वामी की चरण पादुकाएं स्थित है। रास्ते में अईमुत्तामुनि का भव्य मंदिर है। मंदिर में हर साल फाल्गुन सुदी



*तीन को सैंकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं।*

*दूसरा पहाड़ रत्नागिरि पर चन्द्रप्रभु स्वामी का चौमुखी जिनालय है। मंदिर में चन्द्रप्रभु स्वामी, शांतिनाथ स्वामी, नेमिनाथ स्वामी एवं अभिनंदन स्वामी की मूर्त्ति है।*

*तीसरा पहाड़ उदयगिरि पर सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान का विशाल मंदिर है। यहां पर भगवान की श्याम मूर्त्ति, पास में दो चरण पादुका एवं पास में चार बाजु चार देहरी में चार चरण पादुका है।*

*चौथा पहाड़ स्वर्णगिरि पर संगमरमर का सुंदर मंदिर है। इसमें आदिनाथ की प्रतिमा एवं महावीर स्वामी की चरण पादुका है।*

*पांचवां पहाड़ वैभारगिरि पर छह जैन मंदिर जिसमें पार्श्वनाथ भगवान, महावीर स्वामी एवं धन्नाशाली भद्र, महावीर स्वामी भगवान, मुनिसुब्रत भगवान, बासुपूज्य भगवान एवं गौतम स्वामी आदि का मंदिर है।*

*श्वेताम्बर भंडार तीर्थ के कैशियर संजीव कुमार जैन उर्फ बाबू भाई ने बताया कि मंदिर का वर्ष 2007 में जीर्णोद्धार करवाया गया था। हर साल पौष वदी एकम् को मंदिर की वर्षगांठ मनायी जाती है। इसमें विभिन्न राज्यों के सैंकड़ों जैन श्रद्धालु भाग लेते हैं।*

### यहां पर हुए थे चार कल्याण व महावीर स्वामी ने किया था 14 चातुर्मास

*राजगीर तीर्थ में भगवान महावीर स्वामी ने 14 चातुर्मास किये थे। इससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है। मंदिरों में चरण पादुकाएं व मूत्तित है। गौतम स्वामी जी के अलावा उनके 11 गड़धरों (भगवान*



*महावीर स्वामी के शिष्य)का निर्वाण हुआ था। यह मंदिर वेल्वा डोव तालाब से दक्षिण पहाड़ की चोटी पर स्थित है। जैन श्वेताम्बर धर्मशाला के सहायक प्रबंधक ज्ञानेन्द्र पांडेय ने बताया कि 20वें तीर्थंकर मुनिसुब्रत स्वामी के चार कल्याणक जिसमें च्यवन, जन्म, दीक्षा एवं केवल्य ज्ञान की यह पवित्र भूमि है। 12वें तीर्थ.ंकर बासुपूज्य भगवान की कठोर तपश्चर्या का प्रथम पारणा यहां पर हुआ था। अनंत लब्धि.निधान गौतम स्वामी आदि ग्यारह गणधरों की निर्वाण भूमि राजगीर का वैभारगिरि पर्वत है। इसके अलावा इसके अलावा शहर में भी जैन धर्मशाला मौजूद है। शहर के बाजार में नौलखा मंदिर है। यह जैन पर्यटकों के लिए काफी सकून देने वाला शहर है।*

### जैन पर्यटकों को होती है सबसे अधिक पहाड़ों पर पानी की समस्या .......

*तीर्थ करने जैन धर्म के लोग यहां पर दीपावाली से लेकर होली के बीच में सबसे अधिक आते हैं। हर साल यहां पर डेढ़ लाख श्रद्धालु आते हैं जो यहां के विभिन्न धर्मशाला में ठहरते हैं। यात्रियों को सबसे अधिक पहाड़ पर पानी की समस्या होती है। जैन धर्म में बिना स्नान किये वे मंदिर में प्रवेश नहीं करते हैं। इसके अलावा पहाड़ों पर शौचालय की भी कमी है। वहीं पहाड़ पर लाइट का कोई व्यवस्था नहीं है। इससे अंधेरा में परेशानी का सामना करना पड़ता है। अगर प्रशासन व सरकार पहाड़ों पर पानी की बेहतर व्यवस्था कर दे तो यहां पर और भी श्रद्धालु आयेंगे।*

# डॉ. अशोक कुमार की निर्मम हत्या के खिलाफ ग्रामीण चिकित्सकों का आक्रोश, कैंडल मार्च निकाल प्रशासन को दी चेतावनी

शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी रजौली (नवादा)। नवादा जिले के रोह प्रखंड में एक सप्ताह पूर्व ग्रामीण चिकित्सक डॉ. अशोक कुमार की नृशंस हत्या से पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। बदमाशों ने हत्या के बाद उनके सिर और धड़ को अलग कर आग के हवाले कर दिया था, जिससे घटना ने जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में रजौली प्रखंड में ग्रामीण चिकित्सकों ने कैंडल मार्च निकालकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

कैंडल मार्च में प्रदेश महासचिव डॉ. विपिन कुमार सिन्हा एवं रजौली प्रखंड अध्यक्ष डॉ. जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में करीब 100 से अधिक ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। सभी ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और ग्रामीण चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

इस दौरान डॉ. विपिन कुमार ने चेता.वनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो पूरे बिहार में ग्रामीण चिकित्सक हड़ताल पर चले जाएंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही




का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस ठोस कार्रवाई करने में विफल है।

ग्रामीण चिकित्सकों ने कहा कि कोरोना काल में जब बड़े–बड़े अस्पताल और डॉक्टर पीछे हट गए थे, तब ग्रामीण चिकित्सकों ने गांव–गांव जाकर लोगों की जान बचाई थी, लेकिन आज वही चिकित्सक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

कैंडल मार्च के माध्यम से चिकित्सकों ने प्रशासन से दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और ग्रामीण चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग दोहराई।

मार्च में डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. लालू प्रसाद, डॉ. अजय सिंह, डॉ. दीपांकर कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. विक्की कुमार, डॉ. धीरज कुमार आर्य, डॉ. सत्येंद्र प्रसाद आर्य, डॉ. पवन कुमार वर्मा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. कयूम अंसारी, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. ज्ञानेंद्र आर्य सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।



# आमदनी के साथ पोषण बढ़ाने के लिए करें फल व सब्जी की खेती

रानी सिन्हा की रिपोर्ट। केशववाणी नूरसराय (नालंदा)। आत्मा नवादा के सौजन्य से हॉर्टिकल्चर कॉलेज, नूरसराय में आयोजित फल एवं सब्जी उत्पादन व प्रसंस्करण विषयक पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर नवादा जिले से आए 30 किसानों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग 400 ग्राम फल का सेवन करना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अपने परिवार के पोषण स्तर को बढ़ाने तथा आय में वृद्धि के लिए फल व सब्जी की खेती एक बेहतर विकल्प है।उन्होंने बताया कि नवादा जिले में फलदार वृक्षों की कमी है, इसलिए किसानों को बड़े पैमाने पर बागवानी अपनाने की जरूरत है। जिले का आधा हिस्सा सूखा प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सूक्ष्म सिंचाई पद्धति काफी कारगर साबित हो सकती है। स्प्रिंकलर, टपक एवं ड्रिप सिंचाई तकनीक से पानी की बचत के साथ समय और मजदूरी भी कम लगेगी।

डॉ. कुमार ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई तकनीकों को अपने खेतों में लागू करें और अन्य किसानों को भी इसकी जानकारी दें, तभी यह प्रशिक्षण सार्थक सिद्ध होगा।कार्यक्रम में डॉ. सी.एस. आजाद, डॉ. रामबाबू रमन, डॉ. पंकज कुमार मंडल, डॉ. सुनील कुमार यादव, बीटीएम मनीष कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे।

# 5 फरवरी को बिहारशरीफ पहुँचेगी 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' महिलाओं पर बढ़ते अपराध के खिलाफ होगा प्रदर्शन

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। केशववाणी | बिहारशरीफ (नालंदा)। महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध, पटना के शंभु हॉस्टल में नीट छात्रा के साथ बलात्कार व हत्या की घटना सहित अन्य मामलों के विरोध में ऐपवा (एआईपीडब्ल्यूए) और आइसा (एआईएसए) द्वारा पूरे राज्य में 'बेटी बचाओ न्याय यात्रा' निकाली जा रही है। यह यात्रा 3 से 9 फरवरी 2026 तक चलेगी और 5 फरवरी को सुबह 11 बजे बिहारशरीफ के हॉस्पिटल मोड़ पर पहुँचेगी।

इस संबंध में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबो.धित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव सुरेंद्र राम ने कहा कि चुनाव से पहले महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की घोषणाएं की गईं, लेकिन आज प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हत्या, हिंसा और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को लेकर 10 फरवरी को पटना में विधानसभा



मार्च किया जाएगा और सरकार के समक्ष मजबूती से आवाज उठाई जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही हिंसा का मुकाबला जनप्रतिरोध और आंदोलन के जरिए किया जाएगा।

बैठक में एक अन्य प्रस्ताव पारित करते हुए संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत 12 फरवरी 2026 की आम हड़ताल को सफल बनाने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में ऐपवा नेत्री गिरिजा देवी, रेणु देवी, अधिवक्ता अनिल पटेल, पाल बिहारी लाल, सुनील कुमार, मकसूदन शर्मा, किशोर साव, सुभाष शर्मा, मनोज यादव, रामप्रीत केवट, ओम प्रकाश सिंह, कार्यालय सचिव नवल किशोर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शराब के नशे में हैवान बना पति, मारपीट के बाद पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या, दो मासूम हुए अनाथ

प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट, संबाददाता केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के मेहनौर गांव में पति द्वारा पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान मेहनौर गांव निवासी आरती देवी (31 वर्ष), पत्नी मिथिलेश यादव के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है।

मृतका के भाई चंदेश्वर ने बताया कि उसका बहनोई अक्सर शराब पीकर बहन के साथ मारपीट करता था। पूर्व में भी कई बार घरेलू हिंसा की घटनाएं हुई थीं। शिकायत के बाद आरोपी जेल भी जा चुका था। आरोप है कि शनिवार की रात वह नशे की हालत में घर पहुंचा, कमरे का दरवाजा बंद कर पहले मारपीट की और फिर दुपट्टे से गला दबाकर आरती की हत्या कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, आरती की शादी वर्ष 2012 में सिलाव थाना क्षेत्र के गोरमा गांव से दीपनगर थाना क्षेत्र के मेहनौर गांव निवासी मिथिलेश यादव के साथ हुई थी। दंपत्ति के दो बच्चे हैं



एक बेटा (8 वर्ष) और एक बेटी (6 वर्ष)।

मामले में दीपनगर थाना के अपर थानाध्यक्ष विमलेश कुमार ने बताया कि पति पर गला घोटकर हत्या करने का आरोप है। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जनवरी महीने में ही मृतका ने मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद आरोपी जेल गया था और करीब आठ दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था।

उन्होंने बताया कि घटना के बाद आरोपी फरार है। परिजनों के आवेदन के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।




# स्थापना दिवस बना यादगार, रंगारंग कार्यक्रमों और मनमोहक प्रस्तुति से गूंजा विनायका विद्या मंदिर

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय स्थित विनायका विद्या मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र–छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। विशेष रूप से छात्राओं द्वारा दुर्गा स्तुति वंदना पर प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एससीईआरटी के राइटर व सदस्य कृत प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण साधन है, जो उसे अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को समझने में सक्षम बनाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति की सोच विकसित होती है और वह अन्याय, भ्रष्टाचार व हिंसा जैसी बुराइयों से लड़ने में समर्थ होता है। साथ ही शिक्षा हमारी आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करती है।स्थापना दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं ने संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

इस मौके पर ई. मनोज कुमार, रविशंकर कुमार, सत्येंद्र कुमार, रंजीत कुमार, गोविंद गोपाल, संतोष कुमार, सुषमा कुमारी, सुनीता कुमारी, दीपक, चंदन, शिवानी सुमन, प्रीति सहित कई शिक्षक एवं अभिभ. ावक उपस्थित रहे।

# काशी और नालन्दा भारतीय ज्ञान परम्परा के दो सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण स्तम्भ – प्रो. सिद्धार्थ सिंह

अनुमंडल संवाददाता राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी सिलाव (नालंदा)। बनारस लिटरेचर फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित विशिष्ट संवाद सत्र "काशी एवं नालंदा भारतीय ज्ञान–परंपरा के सारस्वत केंद्र" में नव नालंदा महाविहार, नालंदा के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐतिहासिक निरंतरता और वैश्विक प्रासंगिकता पर गहन विचार व्यक्त किए।अपने संबोधन में प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि काशी और नालंदा केवल भौगोलिक या ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक चेतना के जीवंत प्रतीक हैं। काशी ने जहां वैदिक, उपनिषदिक और शैव–शाक्त परंपराओं को पोषित किया, वहीं नालंदा ने बौद्ध दर्शन, तर्कशास्त्र, विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के माध्यम से विश्व को ज्ञान का मार्ग दिखाया।उन्होंने कहा कि नालंदा महाविहार प्राचीन भारत का ऐसा वैश्विक विश्वविद्यालय था, जहाँ एशिया के विभिन्न देशों से विद्यार्थी ज्ञानार्जन हेतु आते थे, और यह परंपरा आज नव नालंदा महाविहार के माध्यम




से पुनः सजीव हो रही है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की ज्ञान परंपरा संवाद, सहअस्ि तत्व और करुणा पर आधारित रही है, जो आज के वैश्विक संकटों के समाधान में भी मार्गदर्शक सिद्ध हो सकती है।

प्रो. सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों में पुनर्पाठ की आवश्यकता है, ताकि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ते हुए वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित हो सके।
कार्यक्रम में हिंदी विद्वान एवं पत्रकार डॉ. प्रमोद पांडेय ने प्रो. सिंह के साथ संवाद किया। संवाद सत्र में बड़ी संख्या में विद्वानों, साहित्यकारों, शोधार्थियों एवं छात्रों की उपस्थिति रही।

# बिहार के विकास में महिलाओं की भागीदारी अहम : डॉ. रणधीर कुमार

## हॉर्टिकल्चर कॉलेज में साक्षी प्रेरणा दिवस पर महिला उद्यमियों को प्रमाणपत्र वितरित

रानी सिन्हा की रिपोर्ट केशववाणी | नालंदा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय परिसर में रविवार को 'साक्षी प्रेरणा दिवस' के अवसर पर स्वयं शिक्षण प्रयोग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा जागरूकता एवं महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

इस कार्यक्रम में गया जिले के बजीरगंज, फतेहपुर, मोहड़ा व टनकुप्पा तथा नालंदा जिले के नूरसराय, थरथरी, वेन व परवलपुर प्रखंडों से करीब 200 महिलाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सकारात्मक संकेत है और बिहार के विकास में मि. हलाओं की भूमिका अत्यंत अहम है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेतों में पराली न जलाएं। पराली जलाना धरती मां को नुकसान पहुंच. ाने जैसा है, इससे मिट्टी की उर्वरता घटती है और कार्बन की मात्रा कम होकर भूमि बंजर होती जाती है।कार्यक्रम के दौरान मिशन हरियाली नूरसराय की ओर से इच्छुक महिलाओं को 100 अमरूद के पौधे निःशुल्क वितरित किए गए।



प्रोजेक्ट मैनेजर गौतम कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना और महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा उद्यमी के रूप में सशक्त बनाना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक–आर्थिक बदलाव और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा मिल सके।वहीं मगध एफपीओ, हरनौत के चंदउदय कुमार ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा ऐसे स्रा. `तों से प्राप्त होती है, जिससे कार्बन उत्सर्जन नहीं होता और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।इस अवसर पर डॉ. रणधीर कुमार ने पीएनबी आरसेटी नालंदा से जूट बैग निर्माण में प्रशिक्षित 35 महिलाओं, गया आरसेटी से जूट बैग निर्माण में प्रशिक्षित 25 मि. हलाओं तथा कस्टम ज्वेलरी निर्माण में प्रशिक्षित 11 महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में आरसेटी नूरसराय के मनीष कुमार, जीविका वूमेन एफपीओ के अजीत मिश्रा, विकास कुमार, राजकुमार प्रसाद, विपिन कुमार, आयुष कुमार, कमल कुमार, रिया कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी, बलवंत कुमार, चंदन कुमार, विशाल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# हरगांवा गांव में VB-GRAMG सम्मेलन आयोजित, पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ. सुनील कुमार ने योजनाओं की दी जानकारी

रानी सिन्हा की रिपोर्ट, केशववाणी । बिहारशरीफ (नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में बिहारशरीफ प्रखंड के हरगांवा पंचायत अंतर्गत हरगांवा गांव में भीबी–ग्रामजी योजना को लेकर सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह बिहारशरीफ विधानसभा विधायक डॉ. सुनील कुमार शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए योजना की विशेषताओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में संशोधन कर भीबी–ग्रामजी के रूप में नया स्वरूप दिया गया है, जिससे पूर्व की खामियों को दूर किया गया है। अब इस योजना के तहत 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी तथा साप्ताहिक भुगतान की व्यवस्था की गई है, जिससे मजदूरों को समय पर पारिश्रमिक मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं ग्रामीण विकास और आमजन के उत्थान के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार समाज के हर वर्ग के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2047 से पहले भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा।

कार्यक्रम का संचालन बिहारशरीफ विधानसभा प्रभारी सोनू कुमार हिंदू ने किया। मौके पर क्षेत्रीय सह प्रभारी जितेंद्र नीरज भी उपस्थित रहे।

सम्मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, जिला उपाध्यक्ष जी राम जी, जिला संयोजक अरविंद पटेल, शैलेंद्र कुमार, सुधीर कुमार, साबो देवी, तेजस्विता राधा, नीरज कुमार डब्ल्यू, डॉ. आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, रंजू कुमारी, योगेंद्र मंडल, कार्यालय मंत्री गोपाल कुमार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, आईटी संयोजक अमित शान, क्रीड़ा प्रकोष्ठ संयोजक जयराम कुमार, संजय सागर, प्रणव कुमार सिन्हा, ललन कुमार, मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, अभयन्दन पांडेय, राजीव कुमार, आलोक रंजन, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# हरनौत के अखिलेश पासवान बने लोजपा (रामविलास) एससी-एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव, कार्यकर्ताओं में खुशी

सुनील कुमार की रिपोर्ट केशववाणी । हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश पासवान को लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए एससी–एसटी प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है।

पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। नियुक्ति की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने अखिलेश पासवान को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

नवनियुक्त प्रदेश महासचिव अखिलेश पासवान ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईम. ानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट, सुंदर कुमार, सतीश पासवान उर्फ बड़े, मनीष कुमार, चंदन कुमार, सुनील कुमार, कुणाल कुमार, रौशन कुमार, गौतम कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

# खलिहान में धान के पुंज में लगी भीषण आग, 15 बीघा फसल जलकर राख, किसानों ने मांगा मुआवजा

राकेश पासवान की रिपोर्ट। केशववाणी हरनौत (नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के बस्ती गांव में रविवार दोपहर खलिहान में रखे धान के पुंज में अचानक आग लग गई, जिससे देखते ही देखते पूरा पुंज जलकर राख हो गया। आग लगने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम फायरमैन इंद्रदेव, काजल, सपना और दीपक के साथ मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक धान की फसल पूरी तरह जल चुकी थी।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। आग की घटना के बाद पीड़ित परिवार में अफरा–तफरी मच गई।



फायरमैन इंद्रदेव कुमार ने बताया कि बस्ती गांव के किसान संजीव कुमार और जीतेंद्र कुमार के करीब 15 बीघा धान का पुंज जलकर नष्ट हो गया है।

पीड़ित किसानों ने संबंधित पदाधिकारियों को लिखित आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है। वहीं, सूचना मिलते ही नगर पंचायत हरनौत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार उर्फ पल्लू सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और किसानों को हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# संत रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई लोगों ने उनके विचारों पर चर्चा की



राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी | हरनौत (नालंदा)– नगर पंचायत में संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती मनाई गई। समिति के तत्वावधान में रविवार को बबन बिगहा सबनहुआ पुल , जोरारपुर स्थित नदी पर एवं चेरन गांव में यह आयोजन हुआ।

इस अवसर पर विधिवत पूजा–पाठ, आरती और प्रसाद( लंगर) वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत रविदास के जीवन, उनके विचारों और समाज सुधार के संदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत रविदास द्वारा दिखाए गए समानता, सामाजिक न्याय और आपसी भाईचारे का मार्ग आज भी प्रासंगिक है।उनके विचार समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर बबन बिगहा सबनहुआ पुल पर पांच फरवरी तक मेला का आयोजन किया गया है। अंतिम दिन झांकी भी निकाली जाएगी।इस अवसर पर रविदास धर्म संगठन के जिला अध्यक्ष बलराम रविदास, पुजारी राजबली रविदास , संजय , राजेंद्र , रवि सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# बिहार परिभ्रमण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सादिकपुर-मुबारकपुर के सैकड़ों छात्र पहुंचे नालंदा,राजगीर, पावापुरी : ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू हुए बच्चे

सुनील कुमार की रिपोर्ट केशववाणी | हरनौत (नालंदा) मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत हरनौत प्रखंड क्षेत्र के पचौरा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सादिकपुर–मुबारकपुर के सैकड़ों छात्र–छात्राएं शनिवार को ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, राजगीर और पावापुरी के लिए रवाना हुए।

परिभ्रमण दल को विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षक मनीष कुमार ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि यह स्थान कभी शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। इसके अलावा पावापुरी जल मंदिर, राजगीर का शांति स्तूप, वेणुवन और गर्म जलकुंड का भी दौरा कर उनके ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी प्राप्त की।





शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किताबों के साथ–साथ इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण, मानसिक एवं सामाजिक विकास होता है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक व्यवहार की भावना भी विकसित होती है।

पूरे यात्रा के दौरान बच्चे काफी उत्साहित और आनंदित नजर आए।

इस मौके पर शिक्षक प्रशांत सिंह, आशीष रंजन, रविशंकर कुमार एवं नीतू कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# हरनौत बाजार के बीच बाजार में स्थित कन्या मध्य विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

सुनील कुमार की रिपोर्ट, केशववाणी । हरनौत (नालंदा) हरनौत बाजार के बीच बाजार में स्थित कन्या मध्य विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार के सेवानिवित होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक महारानी देवी के द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यालय में लगभग 10 वर्षों तक निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं दी।



इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महारानी देवी ने सेवा निर्मित शिक्षक के योगदान की सराहना की उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीड होते हैं और उनके द्वारा दी गई शिक्षा व संस्कार छात्र–छात्राओं के जीवन को नई दिशा देते हैं। मौके पर मौजूद भाजपा नेता सनी कुमार पटेल ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं बल्कि उनके अनुभव आगे के रास्ते को सुगम बनती है उनके इस जीवन काल के योगदान से ही आज हर सख्त के आंखों में आंसू छलक रहा है यही उनकी पूरी सेवा की सच्ची कमाई है। कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने कहा कि सेवा निर्मित सहायक शिक्षक अरविंद कुमार के सरल संभव और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

सेवा निर्मित शिक्षक को अंग वस्त्र के साथ–साथ दर्जनों उपहार भी भेंट किए गए। वही विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करें विदाई समारोह को और भी यादगार बना दिया। वही इस कार्यक्रम में हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से दर्जनों शिक्षक एवं विद्यालय के हिस्से को छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।






# मंदिलपुर में बाबा बख्तौर पूजा महोत्सव संपन्न, श्रद्धा और उल्लास में उमड़ी हजारों



राकेश पासवान की रिपोर्ट केशववाणी | रहुई (नालंदा)– नगर पंचायत क्षेत्र के मंदिलपुर गांव में आयोजित बाबा बख्तौर पूजा महोत्सव हर्षोल्लास और गहरी श्रद्धा के वातावरण में विधिवत संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान गांव से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक भक्तिमय माहौल बना रहा।

पूजा समिति के सदस्य शम्भू प्रसाद ने बताया कि वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना, हवन एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसके बाद महोत्सव का समापन हुआ। इस पावन अवसर पर मंदिलपुर गांव के अलावा जिले व अन्य जिलों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। बाबा बख्तौर के प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। आयोजन स्थल पर भक्ति गीतों, ढोल–नगाड़ों और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूबा रहा।

महोत्सव का विशेष आकर्षण गंगा पार से आए पांच जोड़े 'मनरा' रहे, जिनकी मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा बख्तौर से सुख–शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में जदयू जिला प्रवक्ता भवानी सिंह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अलबेला राय सहित कई गणमान्य लोग उप. स्थित रहे।

# मुढ़ारी गांव में पैक्स अध्यक्ष श्री राम प्रसाद सिंह के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच हजारों कंबल किया वितरण

राकेश पासवान की रिपोर्ट। केशववाणी हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के चेरन पैक्स अध्यक्ष श्री राम प्रसाद सिंह के द्वारा शनिवार की देर शाम अपने पैतृक निवास मुढ़ारी गांव स्थित पैक्स गोदाम परिसर में जन्म दिन के अवसर पर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का आयोजन किया गया। जिससे क्षेत्र में मानवीय संवेदना और सहयोग की मिसाल देखने को मिला। बड़ी संख्या में पंचायत वासियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर पैक्स अध्यक्ष श्री राम प्रसाद सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष श्री राम प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रत्येक साल की तरह इस साल भी अपना 58वा जन्मदिन पंचायत के लोगों के साथ मनाया हूं। उन्होंने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर समारोह आयोजित कर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए बूढ़ा,बुजुर्ग, दिव्यांग विधवा एवं जरूरतमंदों के बीच हजारों कंबल वितरण किए हैं।

उन्होंने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा करके मुझे काफी सुकून मिलता है। उनकी इस पहल की पंचायत वासियों ने सराहना की और इस समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिससे माहौल भक्ति मय बना रहा। साथ ही उपस्थित लोगों के लिए भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

वही मौके पर अनीता देवी, आशीष रंजन, वाल्मीकि पासवान, अनिल, सत्येंद्र ,भारतेंदु , पच्चू, दीपक, पप्पू,राजू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# सेवा निवृत्त प्रभारी प्राचार्य को समारोह पूर्वक हुआ विदाई

अनुमंडल संवाददाता (राजगीर) (राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी | सिलाव प्रखंड क्षेत्र के नालन्दा स्थित रास बिहारी प्लस टू विद्यालय नालन्दा का प्रभारी प्राचार्य शैलेंद्र प्रसाद के सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय सभागार में विदाई समारोह सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यालय परिवार के साथ साथ स्थानीय प्रबुद्धजन ,शिक्षाविद व समाजसेवियों ने हिस्सा लिया।सेवा निवृत्त हुए प्रभारी प्राचार्य को अंगबस्त्र, छड़ी ,प्रशस्ति पत्र, गुलदस्ता ,फूलमाला से सम्मानित किया गया।

इस मौके पर महावोधि महाविद्यालय नालन्दा के प्राचार्य अरविंद कुमार ने कहा कि इनका यह विदाई समारोह एक आदर्श एवं संकल्प के रूप में लें।इस विद्यालय में इन्होंने 22 वर्षों तक सेवा दी है जो काफी ही उलेख्यनीय रहा है।एक शिक्षक के तौर पर और प्रभारी प्राचार्य के रूप में विद्यालय को आगे ले जाने में काफी योगदान दिया है जो यादगार रहेगी।

सेवानिवृत्त हुए प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आज 22 वर्षों की सेवा इस विद्यालय को दिया ,इतने वर्षों में इस विद्यालय से लगाव हुआ है आज सेवा निवृत्त उपरांत विद्यालय से दूर होने से ह्रदय काफी व्यथित है।कहा कि मैं 2001 में लोगों को मशरूम की खेती की प्रशिक्षण शुरू किया था,जबकि उस समय जिला के कृषि विभाग को भी मशरूम की खेती के बारे में जानकारी नगण्य थी।मुझे जो भी दायित्व सौंपा गया मैन बखूबी निर्वहन किया। 2008 से जब हमको नेशनल कांग्रेस का कॉर्डिनेटर बनाया गया ,मैं अथक प्रयास किया, और राष्ट्रीय स्तर तक जिला का नाम रौशन हुआ है। उन्होंने रासबिहारी विद्यालय के सभी शिक्षकों से निवेदन की आज तक यह विद्यालय आपसी भाईचारे का प्रतीक है, आगे भी आपसभी इसे बरकार रखेंगे।साथ ही विद्यालय के वच्चों को हमेशा प्रेरित करते हुए उन्हें मार्गदर्शन करने का काम करेंगें।साथ ही साथ वच्चों को भी कहा कि न है कि हमेशा मन लगाकर ईम. ानदारी से पढ़िए ,निश्चित ही आप आगे बढ़ेंगे।
इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सरयुग सिंह ने किया,जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक रविन्द्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम में शिक्षाविद सुजीत कुमार,सुबोध कुमार,रेणु सिन्हा ,अनिरुद्ध कुमार ,अभिनव कुमार ,राकेश पांडेय सही समस्त शिक्षक, शिक्षिका छात्र गन शामिल थे।

# चुलौआ शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

अनुमंडल संवाददाता (राजगीर) (राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी | नालंदा थाना क्षेत्र के जुआफरडीह खंधा में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध चुलौआ शराब बेचते एक धंधेबाज को रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान नालन्दा थाना क्षेत्र के पकरीसराय निवासी दिलीप चौधरी पिता स्व शुरेश चौधरी के रूप में की गई है। पुलिस ने उसके पास से आठ लीटर देशी चुलौआ शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खंधा इलाके में चोरी–छिपे शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और धंधेबाज को शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस इलाके के अन्य संदिग्ध ठिकानों पर भी नजर रख रही है।








हर पल, हमारी खबर
केशववाणी
बिहार का नंबर 1 अखबार
अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन
देने के लिए संपर्क करें
7033325120
केशववाणी में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान और नई दिशा